**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 18.12.2024** **समय : 1905**

- **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से कल से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' आयोजित किया जाएगा।**
- **यातायात पुलिस ने गैराज मालिकों को सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने और सड़क किनारे भीड़–भाड़ कम करने के निर्देश दिए है ।**
- **इंडोनेशिया के सबंग में तैंतालीसवीं भारत–इंडोनेशिया समन्वित गश्ती आयोजित की गई।**
- **जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कल दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**
- **छत्तीसगढ़ के रायपुर में सत्ताईस से चौबीसवीं राष्ट्रीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता–राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।**

<><><><><><><>

भारत सरकार की एक पहल के एक भाग के रूप में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से कल से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' आयोजित किया जाएगा। इस सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में बीस दिसम्बर को छोलदारी और चौबीस दिसम्बर को हैडो के सामुदायिक हॉल में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान सहायक आयुक्त विनायक चमाड़िया की अध्यक्षता में बीस दिसम्बर को विम्बर्लीगंज और चौबीस दिसम्बर को मीठाखाड़ी के सामुदायिक हॉल में शिकायत निवारण शिविर लगेगी। दक्षिण अंडमान ज़िला कार्यालय के अधिकारी वसंत दाभोलकर की अध्यक्षता में बीस दिसम्बर को शोलबे के सामुदायिक हॉल में और चौबीस दिसम्बर को वन्डूर के सामुदायिक हॉल में शिकायत निवारण शिविर आयोजित की जाएगी, जबकि दक्षिण अंडमान ज़िला कार्यालय अधिकारी अनुजा त्रिवेदी की अध्यक्षता में बीस तारीख को कालीकट सामुदायिक हॉल और तेईस तथा चौबीस दिसम्बर को लिटिल अंडमान के पंचायत हॉल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह नौ बजे से आरंभ होगी। इस संबंध में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त और सहायक आयुक्त ने संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों और प्रभारियों से अपने प्रतिनिधियों को शिविर में भाग लेने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस ने गैराज मालिकों को सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने और सड़क किनारे भीड़–भाड़ कम करने के निर्देश दिए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजय कुमार राय की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसे बेहतर बनाने के लिए गैराज मालिकों के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण लोगों को होने वाली परेशानी पर चर्चा की गई। बैठक में सभी गैराज मालिकों को उप–पुलिस अधीक्षक ने एक महीने के भीतर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने का निर्देश दिया। जो वाहन लंबे समय तक खड़े रहते हैं, उन्हें कबाड़ में डालने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी वाहनों की मरम्मत, रखरखाव और मरम्मत का काम सार्वजनिक सड़कों के बजाय गैराज की सीमा के भीतर करना चाहिए। गैराज मालिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाहन की पहचान बदलने वाली किसी भी बड़ी मरम्मत को शुरू करने से पहले वाहन के पंजीकरण प्रमाणपत्र का सत्यापन किया जाए। वाहनों में अनाधिकृत संशोधनों पर प्रतिबंध है। गैराज मालिकों को मरम्मत या संशोधन के लिए लाए गए किसी भी संदिग्ध चोरी के वाहन की तुरंत रिपोर्ट करना आवश्यक है। यातायात पुलिस ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

इंडोनेशिया के सबंग में हाल ही में तैंतालीसवीं भारत–इंडोनेशिया समन्वित गश्ती आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में भारतीय नौसेना के जहाज आई एन एस केसरी और एल सी यू 57 ने भाग लिया। भारतीय नौसेना के जहाज दस से बारह तक सबंग, जबकि इंडोनेशियाई इकाइयों ने सोलह से अट्ठारह दिसम्बर तक श्री विजयपुरम का दौरा किया। इस दौरान आधिकारिक मुलाकात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा, स्टेशन कीपिंग बाय डिस्टेंस लाइन, हवाई ट्रैकिंग और पासेक्स की संयुक्त गश्त शामिल थी। भारत–इंडोनेशिया राजनयिक संबंधों की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के सिलसिले में कल इंडोनेशियाई राजदूत इना हग्नि–निंग–त्यास कृष्णमूर्ति ने श्री विजयपुरम का दौरा किया। इस दौरान आईडीएन कर्मियों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों की यात्रा के माध्यम से भारत के समृद्ध इतिहास, विशेष रूप से द्वीपसमूह को जानने का एक अवसर प्रदान किया गया।

<><><><><><><>

जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कल दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए जिला ऋण योजना, सरकारी प्रायोजित योजनाओं और प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं के तहत बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा करना था। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान उपायुक्त ने पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी और स्टैंड अप इंडिया जैसी प्रमुख योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों को समय पर अपने लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए और वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने में अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इन शिविरों का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के समन्वय से बेरोजगार युवाओं को इन योजनाओं के बारे में शिक्षित करना होना चाहिए।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के नबाग्राम में स्टील बेली ब्रिज में मरम्मत का कार्य किया जाएगा। डिगलीपुर उप–विभागीय मजिस्ट्रेट कमलेश्वर राव एस ने इस संबंध में कल इस पुल पर वाहनों की आवाजाही को बंद करने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस दौरान, आपातकालीन वाहनों को छोड़कर, किसी भी वाहन को आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने अंडमान लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को मरम्मत कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

छत्तीसगढ़ के रायपुर में सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक चलने वाली चौबीसवीं राष्ट्रीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता–राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह की अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के इक्कीस खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। इसका उद्देश्य सुदूर गांवों में जाकर खेल प्रतिभाओं की खोज करना और उन्हें प्रशिक्षण देकर खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम हर साल राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी और अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इस प्रतियोगिता में देश भर से आठ सौ से अधिक तीरंदाजी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

<><><><><><><>

राजकीय बहुशिल्प संस्थान डिगलीपुर में डिप्लोमा कार्यक्रमों में विभिन्न पदों पर अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए सीधा साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार बीस दिसम्बर को सीतानगर स्कूल के जी पी डी परिसर में सुबह दस बजे से लिया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन डेमो कक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। डेमो के लिए विषय डीब्रेट की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को प्रति थ्यौरी एक हजार रूपये और प्रति प्रायोगिक कक्षा के लिए पांच सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा पच्चीस हजार रूपये होगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार बहुशिल्प संस्थान डिगलीपुर या श्री विजयपुरम स्थित डीब्रेट से संपर्क कर सकते हैं।

उधर, डीब्रेट में सिविल विभाग में अतिथि सहायक प्रवक्ता की नियुक्ति के लिए तेईस दिसम्बर को सीधा साक्षात्कार लिया जाएगा। डेमो विषय का विवरण संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड किया किया जा सकता है। उम्मीदवार और अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक संस्थान के अकादमिक प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>